F.No./CSU/Exam/2024/Convocation-1st/1693

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

56–57, इन्स्टीटट्यूशनल एरिया,
जनकपुरी, दिल्ली – 110058

***

दिनांक 28.02.2024

परीक्षा विभाग

प्रथम दीक्षान्त समारोह

अत्यन्त हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, (पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान) संसद के अधिनियम द्वारा वर्ष 2020 में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित होने के उपरान्त प्रथम दीक्षान्त समारोह का आयोजन दिनांक 07.03.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से सुनिश्चित किया गया है। प्रथम दीक्षान्त समारोह में **मुख्य अतिथि भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु महोदया एवं माननीय शिक्षा मंत्री, भारत सरकार एवं कुलाधिपति श्री धर्मेन्द्र प्रधान समुपस्थित रहेंगे।**

- **पात्रताः**– इस दीक्षान्त समारोह में केवल शैक्षणिक सत्र 2019–20, 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 में उत्तीर्ण निम्नलिखित कक्षा के छात्र/छात्रा भाग ले सकते हैं–

  (1) विद्यावारिधि

  (2) शिक्षाचार्य

  (3) आचार्य

  (4) शिक्षाशास्त्री

  (5) शास्त्री प्रतिष्ठा

  (6) शास्त्री

- **नामांकनः**– नामांकन के लिए निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक 29.02.2024 के पश्चात दीक्षान्त समारोह में भागग्रहण सम्भव नहीं होगा। पंजीकरण हेतु गूगल फॉर्म लिंक विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है। पंजीकृत छात्रों का समूह सम्बन्धित परिसर/सम्बद्ध संस्था के निदेशक/प्राचार्य द्वारा प्रतिनियुक्त अध्यापक अथवा कर्मचारी के साथ दिल्ली प्रस्थान करेंगे। **पूर्व में पंजीकृत छात्रों को पुनः पंजीयन की आवश्यकता नहीं है।**

- **यातायात व्यवस्थाः**– दीक्षान्त समारोह में भाग लेने के लिए जिन छात्रों ने समय पर निर्धारित शुल्क रुपये 500/– के साथ पंजीकरण किया हो, पंजीकृत छात्रों के लिए आने–जाने का शयनयान श्रेणी (स्लीपर क्लास) रेल किराया अथवा साधारण बस किराया रसीद/टिकट प्रस्तुत करने पर देय होगा।

- **आवास व्यवस्थाः**– दीक्षान्त समारोह में भाग लेने के लिए जिन छात्रों का निर्धारित समय में शुल्क के साथ पंजीकरण हुआ हो, उनको ही आवास की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी जिसकी सूचना पंजीकरण की अंतिम तिथि के उपरान्त विश्वविद्यालयीय वेबसाइट पर दी जाएगी।

- **समारोह स्थलः**– दीक्षान्त समारोह का आयोजन दिनांक **07 मार्च, 2024 को यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, द्वारका सेक्टर 25, दिल्ली में होगा।** समारोह स्थल पर पहुंचने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आवास स्थान से बस की व्यवस्था रहेगी।

- **प्रवेशः**– बैठने की व्यवस्था क्रमशः कक्षाक्रम से होगी। प्रत्येक कक्षा और प्रतिभागियों का स्थान पूर्व निर्धारित रहेगा। निर्धारित स्थान पर ही बैठना अनिवार्य है।

- **दीक्षान्त वस्त्रः**– नामांकित प्रत्येक प्रतिभागी को दीक्षान्त वस्त्र आवंटित किया जाएगा। दीक्षान्त समारोह के बाद वस्त्र प्रतिभागी अपने साथ ले जा सकेंगे।

- **अनुशासनः**– दीक्षान्त समारोह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण एवं मर्यादित होता है, अतः इसमें अनुशासन में रहना तथा दूसरों के लिए अनुशासन में रहने का सुझाव देना सभी प्रतिभागियों एवं अध्यापकों का कर्त्तव्य होगा।

- **मोबाईल फोनः** सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि मोबाईल फोन तथा अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण को दीक्षान्त समारोह हॉल में लाना पूर्णतया वर्जित है। दीक्षान्त समारोह सभागार में मोबाईल फोन/सामान आदि रखने की कोई भी व्यवस्था नहीं होगी, इसकी जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

- **उपवेशनः**– माननीय राष्ट्रपति महोदया एवं माननीय शिक्षा मंत्री महोदय सभागृह में प्रवेश करते ही समस्त प्रतिभागी/प्रेक्षकगण अपने–अपने स्थान पर खडे होंगे तथा अतिथि के उपवेशन के बाद ही अपने–अपने स्थान पर बैठेंगे।

- **उपस्थापनः**– प्रत्येक कक्षा के लिए या सामूहिक रूप से जो उपस्थापन का आदेश 'उत्तिष्ठन्तु' छात्र को दिया जाएगा। आदेश पाते ही छात्र अपने–अपने स्थान पर खड़े हो जायेंगे। 'उपविशन्तु' करने पर छात्र अपने–अपने स्थान पर बैठ जायेंगे।

- **अनुशासन पाठः**– अध्यक्ष महोदय के अनुमति से मान्य कुलपति महोदय द्वारा अनुशासन पाठ पढ़ाया जाएगा। सभी ध्यान से इसे ग्रहण करेंगे। यही दीक्षान्त समारोह का वास्तविक भाव होता है।

- **समापनः**– जिस प्रक्रिया से यह कार्यक्रम प्रारम्भ होगा उसी प्रक्रिया से यह कार्यक्रम सम्पन्न भी होगा। अतः मंच से अध्यक्ष महोदय उतरेंगे और सम्मानपूर्वक विदाई दी जाएगी। इस बीच अनुशासन बनाये रखना सभी का कर्त्तव्य होगा।

- **छाया–चित्रः**– व्यक्तिगत फोटो की व्यवस्था नहीं होगी। फोटो की व्यवस्था विश्वविद्यालय की ओर से होगी और विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी।

- **भोजनः**– कार्यक्रम समाप्त होने पर सभी प्रतिभागियों के लिए भोजन के पैकेट्स उपलब्ध कराये जाऐंगे। भोजनोपरान्त सभी प्रतिभागी अपने–अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रस्थान कर सकते है।

- दिल्ली आने–जाने तक छात्र अपने सम्बन्धित परिसर/सम्बद्ध संस्था से प्रतिनियुक्त अध्यापक/कर्मचारी के मार्गदर्शन में रहेंगे। किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी के लिए छात्र/छात्रा स्वयं उत्तरदायी होंगे।

ह.

(प्रो. पवन कुमार)
परीक्षा नियंत्रक